Rashtriya Sahara

Tezi se badegi Pawan Urza ki chhamta

Date: 27/04/2017 | Edition: Delhi | Page: 15 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 5 H: 9

तेजी से बढ़ेगी पवन ऊर्जा की क्षमता

■ नई दिल्ली।

ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल ने भारत सहित दुनिया भर में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिए जाने का हवाला देते हुए कहा है कि वर्ष 2021 तक इसकी वैश्विक उत्पादन क्षमता 800 गीगावाट हो जाएगी।

इस संगठन ने यहां जारी ग्लोबल विंड रिपोर्टः एनुअल मार्केट अपडेट में कहा है कि वर्ष 2016 में दुनिया भर में 54 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई और वर्ष 2015 की तुलना में वर्ष 2016 में इसकी कुल उत्पादन क्षमता 12.6 फीसद बढ़कर 486.8 गीगावाट पर पहुंच गई। अभी 90 से अधिक देशों में पवन ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है जिनमें से नौ ऐसे देश हैं जहां 10,000 मेगावाट से अधिक की पवन ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। ■ वार्ता